# BULANDSHAHRPOLICE

**दिनांक- 11 सितम्बर, 2025** **थाना बीबीनगर**

## ओमपाल की हत्या में संलिप्त उसकी पत्नी व पत्नी का प्रेमी गिरफ्तार, निशादेही पर आलाकत्ल चुन्नी बरामद ।

**अवगत कराना हैं कि दिनांक 10-09-2025 को वादी करन पुत्र मोहर सिंह निवासी ग्राम परतापुर थाना बीबीनगर जनपद बुलन्दशहर ने थाना बीबीनगर पर तहरीर दी कि दिनांक 08/09-09-2025 की रात्रि में उसके भाई ओमपाल की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर ओमपाल की गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गयी हैं । इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बीबीनगर पर मुअसं- 178/25 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया है**

**उक्त घटना के क्रम में थाना बीबी नगर पुलिस द्वारा आज दिनांक 11-09-2025 को हत्या में संलिप्त ओमपाल की पत्नी प्रीति व उसके प्रेमी अभय को बीबीनगर तिराहे से गिरफ्तार किया गया हैं ।**

**अभियुक्तो की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना बीबीनगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।**

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. **प्रीति पत्नी ओमपाल निवासी ग्राम परतापुर थाना बीबीनगर जनपद बुलन्दशहर। (मृतक की पत्नी)**
2. **अभय पुत्र देवीशरण निवासी उपरोक्त।**

**बरामदगी-**

1. **01 चुन्नी आलाकत्ल**

**घटना का कारण- अभियुक्त अभय व अभियुक्ता प्रीति द्वारा पूछताछ पर बताया कि उन दोनो के बीच करीब 02 वर्ष से प्रेम सम्बन्ध हैं तथा वे साथ रहना चहाते हैं। मृतक ओमपाल इसका विरोध करता था। इसलिए दोनो ने मिलकर ओमपाल की हत्या करने की योजना बनाई तथा योजनानुसार दिनांक 08/09-09-2025 की रात्रि में चुन्नी से ओमपाल का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।**

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. **श्री राहुल चौधरी थानाध्यक्ष बीबीनगर**
2. **उ0नि0 प्रमोद कुमार, म0उ0नि0 रजनी**
3. **का0 चालक अमित कुमार**




**मीडिया सैल बुलन्दशहर।**